## एक नजर में

### रबी फसल खरीदी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**शाजापुर, 27 फरवरी.** रबी उपार्जन विपणन वर्ष 2026-27 के लिए उपार्जन नीति जारी की गई है. उपार्जन नीति अनुसार 20 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक चना एवं मसूर के पंजीयन किए जाएंगे. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने पंजीयन के लिए 67 पंजीयन केन्द्रों पर कुल 67 नोडल अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है. कलेक्टर ने सभी संस्थाओं को शासन निर्देशानुसार किसान पंजीयन का कार्य करने के निर्देश दिए हैं.

### गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 मार्च तक

**शाजापुर, 27 फरवरी.** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य 7 फरवरी से 7 मार्च तक किया जाएगा. किसान पंजीयन के लिए जिले की तहसील अवंतिपुर बड़ोदिया, कालीपीपल, गुलाना, पोलायकलॉ, मो. बडोदिया, शुजालपुर एवं शाजापुर में कुल 67 पंजीयन केन्द्रो का निर्धारण किया गया हैं. जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया 27 फरवरी तक 38070 पंजीयन किसानों द्वारा कराया गया है, किसान पंजीयन की अंतिम तीथि 07 मार्च 2026 निर्धारित हैं. जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त किसानों से अनुरोध किया हैं कि नियत अवधि में अपनी फ़सल को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने के लिए एवं असुविधा से बचने के लिए अपनी भूमि का निकटतम पंजीयन केन्द्र एवं एमपी ऑनलाईन, कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र एवं किसान स्वयं अपने मोबाईल से घर बैठे एमपी किसान एप पर भी अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से कराए.

### मां राजराजेश्वरी मंदिर में 19 मार्च से लगेगा मेला



**शाजापुर, 27 फरवरी.** जिला मुख्यालय स्थित अति प्राचीन मां राजराजेश्वरी मंदिर में 19 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रि के 15 दिवसीय मेले को लेकर नगर पालिका ने तैयारियां तेज कर दी हैं. शुक्रवार दोपहर 12 बजे से मंदिर प्रांगण में व्यवस्थाएं जुटाने का काम शुरू किया गया. दुकानों के व्यवस्थित आवंटन के लिए हाल ही में बने सीमेंट कंक्रीट मैदान पर चूने की पट्टी डाली जा रही हैए ताकि दुकानें तय आकार और क्रम में लग सकें. नगर पालिका के सहायक यंत्री सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार मेले में करीब 150 से 200 दुकानों के लगने की संभावना है. प्रत्येक दुकान का आकार 7 बाय 7 फीट तय किया गया है. उन्होंने बताया कि नए बने सीमेंट कंक्रीट मैदान को नुकसान से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरती जा रही है. दुकानदारों द्वारा बल्लियां लगाने के लिए कोर कटिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगाए ताकि मैदान क्षतिग्रस्त न हो. नगर पालिका का कहना है कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. इसके साथ ही स्वच्छताए पेयजल और सुरक्षा के विशेष इंतजाम भी किए जाएंगेए ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो.

### समग्र कल्याण शिविर कार्यक्रम का हुआ समापन

**शाजापुर, 27 फरवरी.** वृद्धजनों के स्वास्थ्य संवर्धन और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा वृद्धजन सेवा निकेतन, बापु कि कुटिया के पास लालघाटी शाजापुर में गतिज एवं मानसिक कौशल सुधार कार्यक्रम अंतर्गत दो दिवसीय शिविर का आज समापन हुआ. साथ ही समग्र कल्याण शिविर कार्यक्रमों का भी समापन हुआ. जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम ने बताया कि आज आयोजित हुए शिविर में 42 वृद्धजनों को वृद्धावस्था में होने वाली शारीरिक एवं मानसिक व्याधियों के बारे में परामर्श दिया गया एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईया वितरीत की गई, सभी वृद्धजनों को स्वास्थ्य वर्धक स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई. शिविर में आयुष विभाग से डॉ. दिनेश गुर्जर, डॉ. सीमा बड़िया, डॉ.दिव्या दुबे, डॉ. प्रियंका टेवा एवं पैरामेडिकल स्टॉफ से बीएस हनोतिया, आदित्य निगम, अशोक चौधरी, अश्विनी जिरोनिया, रईस मंसूरी, श्रीमति गीता शाक्य, दिनेश पंवार, घनश्याम चौहान आदि ने अपना योगदान दिया.

### जिला स्तर पर हेंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया

**शाजापुर,27 फरवरी.** जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम ने बताया कि शाजापुर जिले के समस्त औषधालय एवं अन्य संस्थाओं को एमपी ई औषधी पोर्टल पर ऑनबोर्ड कराये जाने के लिए को ई दक्ष केन्द्र पर मास्टर ट्रेनर डॉ. दिनेश गुर्जर एवं डॉ. श्याम सुन्दर परमार द्वारा आयुष विभाग शाजापुर के 32 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई औषधी पोर्टल पर औषधियों की डिमांड एवं रिसीवड के लिए सॉफ्टवेयर संचालन के लिये जिला स्तर पर हेंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया.

### मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**शाजापुर, 27 फरवरी.** विकसित भारत जी राम जी एक्ट 2025 की प्रासंगिकता, वैधानिक मजबूती और लाभ को स्थापित करने एवं आईईसी के लिए जिला पंचायत शाजापुर के सभाकक्ष में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अनुपमा चौहान ने मीडिया संवाद कार्यक्रम में प्रिन्ट मीडिया एवं ईलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओ को उक्त अधिनियम की जानकारी दी. इस दौरान परियोजना अधिकारी नितेश यादव द्वारा पीपीटी प्रस्तुतीकरण वीडियो प्रदर्शन कर पत्रकार बंधुओ का आभार प्रदर्शन किया गया.

### डिप्टी कलेक्टर गंगारे गुलाना अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी नियुक्त

**शाजापुर, 27 फरवरी.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने प्रशासनिक कार्यव्यवस्था की दृष्टि से डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे को अनुविभाग गुलाना अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी नियुक्त किया हैं. डिप्टी कलेक्टर सुश्री गंगारे को जिला कार्यालय अन्तर्गत सौंपे गए कार्यो के साथ साथ अनुविभाग गुलाना अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी के समस्त कार्य तथा समय समय पर सौंपे गये अन्य कार्य सम्पादित करेंगी.

### कस्टम ज्वेलरी निर्माण बैच का समापन

**शाजापुर, 27 फरवरी.** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर में ग्राम बड़ोद राणा में आयोजित गैर आवासीय कस्टम ज्वेलरी निर्माण विषय पर 13 से 26 फरवरी तक दिए गए प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा प्रशिक्षनार्थियों को बैंकिंग जागरूकता की जानकारी दी गई एवं निदेशक सत्यवीर सिंह चौहान द्वारा समस्त प्रशिक्षनार्थियों को कस्टम ज्वेलरी निर्माण का कार्य शुरु करने के लिए प्रेरित किया गया. इस अवसर पर असेसर प्रेमनारायण उपाध्याय, श्रीमति संगीता राठौर, आरसेटी से राजेश परमार, जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, सुमित खत्री, महेश कुमार मालवीय सहित समस्त प्रतिभागी उपस्थित थे.

### मानसिक कौशल सुधार कार्यक्रम अंतर्गत शिविर आयोजित

**शाजापुर, 27 फरवरी.** वृद्धजनों के स्वास्थ्य संवर्धन और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा वृद्धजन सेवा निकेतन बापू की कुटिया के पास लालघाटी शाजापुर में दो दिवसीय गतिज एवं मानसिक कौशल सुधार कार्यक्रम अंतर्गत दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया. जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम ने बताया कि प्रथम दिवस 48 वृद्धजनों को वृद्धावस्था में होने वाली शारीरिक एवं मानसिक व्याधियों के बारे में परामर्श दिया गया एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईया वितरित की गई. सभी वृद्धजनों को स्वास्थ्य वर्धक स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई. शिविर में आयुष विभाग से डॉ. दिनेश गुर्जर, डॉ. सीमा बड़िया, डॉ. दिव्या दुबे, डॉ. प्रियंका टेवा एवं पैरामेडिकल स्टॉफ से बीएस हनोतिया, आदित्य निगम, अशोक चौधरी, अश्विनी जिरोनिया, रईस मंसूरी, दिनेश पंवार, घनश्याम चौहान आदि ने अपना योगदान दिया.

# पिचकारी, रंग और मिठाई पाकर बच्चों के चेहरे पर आई खुशी

## होली उत्सव समिति ने गरीब बस्तियों में बिखेरे खुशी के रंग

**शाजापुर। सर्व हिन्दू उत्सव समिति व होली उत्सव समिति द्वारा होली पर्व की मिठास बांटना प्रारंभ कर दिया है, जिन्होंने शुक्रवार को बच्चों के बीच पहुंचकर उनके साथ होली पर्व मनाया. पदाधिकारियों ने बच्चों को पिचकारी, होली के रंग और मिठाई वितरित कर पर्व की शुभकामनाएं दी.**



नगर में पांच दिनी होली पर्व मनाने की परंपरा है। जिसे इस वर्ष भी निभाया जाएगा, आयोजन के तहत प्रतिदिन सर्व हिन्दू उत्सव समिति व गठित होली उत्सव समिति के पदाधिकारियों द्वारा नगरवासियों से सहयोग लिया जा रहा है, वहीं पर्व की तैयारियां भी की जा रही है, इसी कड़ी में सभी पदाधिकारी शुक्रवार को नगर की बस्तियों में पहुंचे जहां इन पदाधिकारियों ने बच्चों को पिचकारी के साथ रंग और मिठाईयां भी बांटी ताकि ये बच्चे भी हम सभी की तरह पर्व का आनंद ले सकें. इस अवसर पर होली पर्व के लिए प्रकाशित पम्प्लेट का वितरण भी सभी पदाधिकारियों द्वारा किया गया. इस दौरान सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर, महासचिव मनीष सोनी, सत्या वात्रे, सचिव राजेश पारछे, जलज ठाकुर, दीपक निगम, मनीष सिसोदिया, कैलाश सेन, मंगल नाहर, महेश प्रजापति, दिलीप सिंदल, सजय शर्मा, कु.महेंद्र पंवार, बालकृष्ण यादव, धर्मेंद्र शर्मा, होली उत्सव समिति संयोजक पं.गोविंद शर्मा, सचिव अंकित अंम्बावतिया, कोषाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा, संयोजक जीत पारछे, अतुल पालीवाल, राहुल परमार, सर्व हिन्दू उत्सव समिति उपाध्यक्ष विकास सिंदल, गोविंद देवतवाल, जीवन गुर्जर, राजेश गौड़, राज पारछे, प्रियांशु पारछे, हर्ष व्यास, सुनील चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### प्राकृतिक रंगों के साथ मनाएंगे पर्व...

सभी पदाधिकारियों द्वारा टेसू के फूल भी एकत्रित किए जा रहे हैं. जिनसे होली के लिए रंग तैयार किए जाएंगे. सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर ने बताया कि होली का पर्व खुशियां और मिल जुलकर एक-दूसरे के जीवन को खुशियों से रंगने का पर्व हैं. इसमें प्राकृतिक रंगों का उपयोग होना चाहिए, जिसके चलते टेसू के फूल एकत्रित किए जा रहे हैं जिनसे होली के रंग तैयार किए जाकर इसी से पर्व मनाया जाएगा.

# फाग गीतों और फूलों की होली संग मना फाग उत्सव



**शुजालपुर, 27 फरवरी. शुजालपुर विजय वर्गीय महिला मंडल के तत्वावधान में फाग उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया, कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीत गाते हुए गुलाल और फूलों की होली खेली, पूरे आयोजन स्थल पर रंग, उमंग और उत्साह का वातावरण बना रहा.**

उत्सव के दौरान बच्चों और महिलाओं के लिए राधा-कृष्ण थीम पर आधारित विभिन्न रोचक खेलों का आयोजन किया गया.प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यक्रम को जीवंत बना दिया. लकी गेम एवं राधा-कृष्ण थीम गेम में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में महिलाओं ने समूह नृत्य एवं गरबा प्रस्तुत कर समां बांध दिया. अध्यक्ष ममता विजयवर्गीय ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी महिलाओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करते हैं.

# प्रभात फेरी, योग और बौद्धिक सत्र के साथ शिविर

## ग्राम कमलिया में एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शुजालपुर, 27 फरवरी. जेएनएस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन ग्राम कमलिया में विविध गतिविधियां उत्साहपूर्वक आयोजित की गईं, इस दौरान प्रातः स्वयंसेवकों ने ग्राम कमलिया में प्रभात फेरी निकाली, प्रभात फेरी में एनएसएस गीत एवं भजनों के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वच्छता, सेवा और जागरूकता का संदेश दिया गया.**

प्रभात फेरी के पश्चात शिविर प्रांगण में योग सत्र आयोजित हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने नियमित अभ्यास किया, परियोजना कार्य अंतर्गत शिविर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफसफाई कर श्रमदान किया गया. बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ.नरेंद्र परमार, शिशु रोग विशेषज्ञ ने युवाओं को नेतृत्व, अनुशासन एवं समाजसेवा के प्रति प्रेरित किया, विशेष अतिथि नायब तहसीलदार बीएल चौहान ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं नागरिक दायित्वों की जानकारी दी. हरिओम जौहर ने राष्ट्रीय स्तर के शिविरों के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि समर्पित सेवा से ही राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है.

डॉ.संजय कुमार प्रजापति ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को समाजसेवा और ग्राम विकास से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया, कार्यक्रम का संचालन किरण पूरबिया ने किया. अंत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया. शिविर में सभी गतिविधियां सफलतापूर्वक संपन्न हुईं, जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साह, अनुशासन एवं सेवा भावना का परिचय दिया.



# चेतना का प्रथम प्रकाश है मातृभाषा : प्रो. प्रजापति

## विधि विभाग ने भारतीय भाषा अभियान अंतर्गत मनाया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

**शुजालपुर, 27 फरवरी. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शुजालपुर में शुक्रवार को विधि विभाग द्वारा भारतीय भाषा अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली एवं विधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में हिंदी विभाग के प्रो.संजय कुमार प्रजापति ने कहा कि मातृभाषा चेतना का प्रथम प्रकाश और मानव जीवन का आरंभिक महाकाव्य है. यह संस्कृति को आगे बढ़ाने वाली शक्ति होने के साथ सृजनशीलता की आधारभूमि भी है. व्यक्ति की स्वाभाविक अभिव्यक्ति और मौलिकता मातृभाषा में ही सहज रूप में प्रकट होती है.**



प्रो. प्रजापति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए बताया कि कक्षा 1 से 5 तक मातृभाषा अथवा स्थानीय भाषा में शिक्षा प्रदान करने का निर्णय विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा.

**ऐतिहासिक संदर्भों पर डाला प्रकाश**

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.के. शर्मा ने मातृभाषा दिवस मनाने की परंपरा एवं इसके ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला, मुख्य अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना ने कहा कि मातृभाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मबल बढ़ाने एवं संस्कृति संरक्षण का सशक्त साधन है, न्यास एवं भारतीय भाषा अभियान की जानकारी डॉ.राजेंद्र परमार ने दी. कार्यक्रम में विधि विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री गुप्ता, डॉ. संजय मिश्रा सहित प्रो. रवि वास्कले, डॉ. सीमा राजपूत, प्रो. प्रगति ठाकुर, प्रो.अदिति त्रिवेदी, प्रो. राहुल बामनिया एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे, कार्यक्रम भारतीय भाषा अभियान के प्रांतीय संयोजक डॉ. सत्यनारायण शर्मा, उज्जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. संचालन डॉ. गुलाब मेवाड़ा तथा आभार प्रो.निकिता परमार ने व्यक्त किया.

# आदर्श कॉलोनी में गाड़ियों के पहियों से लोगों पर उछल रहे पत्थर...

**शाजापुर, 27 फरवरी. आदर्श कालोनी में इन दिनों दिनदहाड़े फायरिंग की जा रही है जिससे लोगों को परेशानी उठाना पड़ रही है. कई लोगों को इससे नुकसान भी उठाना पड़ा है. लेकिन उनकी समस्या का समाधान कोई भी विभाग नहीं कर पा रहा है. कई बार शिकायत करने के बाद भी रहवासियों को कोरे आश्वासन देकर लौटाया जा रहा है.**

यह मामला आदर्श कालोनी की मुख्य सड़क का है जिसे नर्मदा पाइप लाइन डालने के नाम पर जिम्मेदारों द्वारा एक बार फिर खोदकर रहवासियों के लिए समस्याएं पैदा कर दी गई है. यहां नगरपालिका द्वारा एबी रोड़ से लेकर खाटू श्याम मंदिर तक की मुख्य सड़क का अभी कुछ महिनों पहले ही निर्माण किया गया था. जिसके चलते रहवासियों को लंबे इंतजार के बाद इस सुविधा का लाभ मिलना शुरू हुआ था. किंतु उनके लिए यह मार्ग अधिक दिन सुविधाजनक साबित नहीं हो सका और कुछ समय पूर्व नर्मदा पाइप लाइन डालने के नाम पर ठेकेदार के द्वारा पूरी मेन रोड़ दोबारा खोद दी गई. इस प्रक्रिया के कारण जहां नल सीवरेज टुट गए और पानी बहने लगा. वहीं गड्ढों के कारण आम राहगीरों के लिए खासी समस्याएं पैदा हो गई.

**गोली की रफ्तार से उड़ रहे पत्थरए हो रहा नुकसान**

मुख्य मार्ग पर क्षेत्र का बड़ा निजी अस्पताल होने से मरीजों का भी इस मार्ग से आवागमन बना रहता है. वहीं आपात स्थितियों में एंबुलेंस वाहनों को भी इसी मार्ग से निकलना पड़ता हैं. एसे में सड़क खुद जाने के कारण यहां वाहन फिसल कर गिर रहे हैं. वहीं वाहनों के पहियों से टकराकर बंदूक की गोली की तरह पत्थर आसपास की दुकानों पर भी उड़ रहे हैं जिससे कई लोगों को नुकसान उठाना पड़ा है.


## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाजापुर

प्रधान कार्यालय, ए.बी. रोड़, रिलायंस पेट्रोल पम्प के सामने, टंकी चौराहा शाजापुर

**-: निविदा सूचना :-**

जिला उपार्जन समिति के निर्णय अनुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाजापुर से सम्बद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन कार्य में लगने वाली सामग्री की (न्यूनतम दर निर्धारित की जाना है) जैसे - धागा (न्यूनतम वजन 210 ग्राम कोन, शुद्ध धागे का न्यूनतम वजन 170 ग्राम) प्रति नग, स्टेंशील (18 X18 इंच) प्रति नग, स्याही प्रति लीटर, रंग प्रति किलोग्राम, टेग (3 X 4 इंच), सिलाई मशीन, डिजिटल माइश्चर मीटर, परखी, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे (100 किलोग्राम में), इनेमल प्लेट, छन्ना, ब्लोअर, उडावनी, पंखा, तिरपाल आदि अन्य सामग्री आवश्यकता अनुसार (जी.एस.टी. सहित) क्रय किया जाना है. इच्छुक प्रतिष्ठित कम्पनी / फर्म निविदा फॉर्म में दर्शित सामग्री विक्रय हेतु निविदा, निर्धारित आवेदन पत्र में आमंत्रित किये जाना है. निविदा फॉर्म का शुल्क 1000/- अक्षरी राशि एक हजार रूपये मात्र जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाजापुर शाखा टंकी चौराहा शाजापुर में जमा पावती के माध्यम से जमा कर सूचना प्रकाशित होने की दिनांक से दिनांक 09.03.2026 तक बैंक कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है. निविदाएं सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 10.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित प्रधान कार्यालय शाजापुर में जमा किया जा सकेगा. प्राप्त निविदाएं दिनांक 10.03.2026 को सायं 4:00 बजे जिला उपार्जन समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जावेगी. निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी / स्पेसिफिकेशन / शर्तें बैंक प्रधान कार्यालय के नोटिस बोर्ड / उपार्जन कक्ष में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है. साथ ही बैंक की वेबसाईट **jskbshajapur.in** पर भी देखी जा सकती है.

**सही/-**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. शाजापुर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर (म.प्र.)

**क्रमांक/स्वा. शाखा/2026/648** — **शाजापुर, दिनांक :- 27.02.2026**

**// ई-निविदा आमंत्रण-सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र.जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य अमानत राशि (रूपये में) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_485308_1 24-01-2026 | CASTRATION AND ANTI-RABIES VACCINATION OF STRAY DOGS UNDER MUNICIPALCOUNCIL SHAJAPUR. (MP) | 01. 365 दिन 02. 25.00 (लाख) | 01. 5,000.00 02. 19,000 | 04.03.2026 05:30 PM |
| 2 | 2026_UAD_485589_1 26-02-2026 | EMPANALMENT OF AGENCIES FOR CITY BEAUTIFICATION THROUGH WALL PAINTING UNDER IEC ACTIVITITES FOR SBM 2.0 | 01. 365 दिन 02. 10.00 (लाख) | 01. 2,000.00 02. 10,000 | 13.02.2026 05:30 PM |
| 3 | 2026_UAD_485621_1 26-02-2026 | Tender Document for Selection of Agency for Sale of Segregated Dry /wet(compost)/E-Waste Items (Two-Envelope) | 01. 365 दिन | 01. 2,000.00 02. 6,000 | 13.02.2026 05:30 PM |
| 4 | 2026_UAD_485656_1 26-02-2026 | Maintenance Work Between Solid Waste Unit | 01. 60 दिन 02. 8.50 (लाख) | 01. 2,000.00 02. 8,500 | 13.02.2026 05:30 PM |

**प्रेम जैन**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद शाजापुर**

**पं. संतोष जोशी**
**उपाध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद शाजापुर**

**दुष्यन सोनी**
**सभापति**
**स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शाखा**
**नगर पालिका परिषद शाजापुर**

**भूपेंद्र कुमार दीक्षित**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद शाजापुर**

**नोटः**-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा.